**Subject – Hindi** **Lesson –8 अरुणिमा सिन्हा** **class – 6th**

भाषा ज्ञान — वचन, लिंग

1. सड़क – सड़कें, लड़का – लड़के, लड़की – लड़कियाँ

उपर्युक्त उदाहरणानुसार दिए गए शब्दों के सही बहुवचन रूप में ✓ निशान लगाइए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बहन | – | बहनों ☐ | बहनें ☐ | बहने ☐ |
| बेटा | – | बेटे ☐ | बेटें ☐ | बेटों ☐ |
| नौकरी | – | नौकरियों ☐ | नौकरियाँ ☐ | नौकरिएँ ☐ |
| रेलगाड़ी | – | रेलगाड़ियाँ ☐ | रेलगाड़ियों ☐ | रेलगाड़िया ☐ |
| किताब | – | किताबे ☐ | किताबों ☐ | किताबें ☐ |

2. अरुणिमा को देखकर माँ की **आँख** में आँसू आ गए। अरुणिमा को देखकर माँ की **आँखों** में आँसू आ गए।

उदाहरण के अनुसार रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को लिखिए–

(क) मैंने उनकी **आलोचना** को हृदय से नहीं लगाया। ....................

(ख) हमें दोनों **परिस्थिति** के लिए तैयार रहना चाहिए। ....................

(ग) अरुणिमा अपने **पैर** पर खड़ी हो गईं। ....................

(घ) मेरा नया जन्म **पहाड़** में हुआ। ....................

3. स्त्रीलिंग शब्द बनाते समय पुल्लिंग शब्दों के अंत में '**अ/आ/ऊ**' के स्थान पर '**आइन**' तथा '**अक**' के स्थान पर '**इका**' लगाते हैं। अब आप नीचे दिए गए पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाबू | – | बबुआइन | सेवक | – | सेविका |
| लाला | – | .......... | नायक | – | .......... |
| पंडित | – | .......... | शिक्षक | – | .......... |
| ठाकुर | – | .......... | लेखक | – | .......... |

4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए–

(क) अरुणिमा की **माता** उन्हें बहुत प्यार करती थीं। ....................

(ख) डॉक्टर **साहिबा** की मेरे ऊपर बड़ी कृपा है। ....................

(ग) मेरे **भाई** ने भी मेरा साथ दिया। ....................

(घ) हमें **लड़कों** को कम नहीं समझना चाहिए। ....................

(ङ) संसार में **विद्वानों** की कमी नहीं है। ....................

o

## श्रवण-वाचन

- अब आपके सामने अध्यापक/अध्यापिका एक अनुच्छेद सुनाएँगे। उसे ध्यानपूर्वक सुनकर दिए गए प्रश्नों के उत्त
(अध्यापक/अध्यापिका श्रुतभाव ग्रहण हेतु पृष्ठ–120 देखें।)

(क) अजंता की गुफाओं का फ़र्श कैसा है? (ख) गुफाओं के खंभे कैसे हैं?

(ग) ये लंबे अरसे से किस काम आती रही हैं? (घ) गुफाएँ बनाते समय क्या ध्यान में रखा गया?

(ङ) कालांतर में यह गुफा किस काम आने लगी? (च) इन गुफाओं में आवाज़ गूँजने का क्या कारण बता

## ये भी जानें

- दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत माउंट एवरेस्ट है। यह नेपाल देश में स्थित है। वहाँ इसे 'सागरमाथा' के नाम से इसकी ऊँचाई 8848 मीटर है। वर्ष 1953 में एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोरगे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने एवरेस्ट करने में सफलता हासिल की।
- सेवेन सम्मिट का मतलब है विश्व के सात महाद्वीपों के सात सर्वोच्च शिखरों की चढ़ाई। इन सात सर्वोच्च शामिल हैं–दक्षिण अमेरिका का एकोन्कागुआ, उत्तर अमेरिका का मेक किनले, अफ़्रीका का किलिमंजारो अल्ब्रस, अंटार्कटिका का विन्सन, ऑस्ट्रेलिया का कोसिस्को और एशिया का माउंट एवरेस्ट।

## परियोजना-निर्माण

- आपका प्रेरणा स्रोत कौन है? इस विषय पर आपस में चर्चा कीजिए।
- माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले भारतीयों के चित्र इंटरनेट से ढूँढ़कर एक कोलॉज बनाइए और उनके नाम भी

## शोध

- भारत के कोई पाँच पर्वतों के नाम लिखिए।
- पर्वतारोहण के समय किन-किन चीज़ों की ज़रूरत होती है? एक चार्ट पेपर पर सचित्र एक सूची तैयार करके अ में लगाइए।

## खेल-खेल में

- **दिए गए प्रश्नों के उत्तर से शब्द-पहेली पूरी कीजिए–**

(i) माउंट एवरेस्ट को फ़तह करने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?

(ii) अल्ब्रस शिखर किस महाद्वीप में है?

(iii) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले पर्वतारोही का क्या नाम है?

(iv) हमारा भारत देश किस महाद्वीप में है?

(v) नेपाल में एवरेस्ट को किस नाम से जानते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब (i) | यू (ii) | ते (iii) | ए (iv) |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| सा (v) | | | |
| | | | |

o

चिए और बताइए–

(क) अरुणिमा ने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2011 में इन्हें देश की सेवा करने का मौका मिला।

(ख) अरुणिमा वालीबॉल खेल की खिलाड़ी हैं।

(ग) अरुणिमा ने अपनी आत्मकथा के बारे में बताते हुए कहा कि मेरा जन्म पहाड़ों में हुआ है। इन पहाड़ों ने ही मुझे ज़िंदगी दी है। इनके कारण ही मेरी पहचान बनी है। इन्होंने ही मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया है। इसलिए मैंने अपनी आत्मकथा का नाम 'बोर्न अगेन ऑन द माउंटेन' रखा।

**लिखित**

**दिए गए वाक्यों में ✓ या ✗ का निशान लगाइए–**

(क) ✓ (ख) ✗ (ग) ✓ (घ) ✗

**अति लघु उत्तर लिखिए–**

(क) ट्रेन दुर्घटना के समय अरुणिमा लखनऊ से दिल्ली जा रही थीं।

(ख) अरुणिमा को लोग 'चमत्कार' के नाम से जानते हैं।

(ग) अरुणिमा की आत्मकथा का नाम 'बोर्न अगेन ऑन द माउंटेन' है।

**लघु उत्तर लिखिए–**

(क) अरुणिमा ने एवरेस्ट की चढ़ाई को अपना लक्ष्य बनाया और पूरी लगन, जोश व मेहनत से अपने लक्ष्य की प्राप्ति की।



Scanned by TapScanner

o

(ख) अरुणिमा सात महाद्वीपों में से पाँच सम्मिट कर चुकी हैं और वे सातों महाद्वीपों को सम्मिट करना चाहती हैं।

(ग) 'इको एवरेस्ट' का अर्थ है–एवरेस्ट स्वच्छता। माउंटेनियरिंग के समय कहीं भी गंदगी न करना; जैसे–चॉकलेट रैपर, झंडा आदि कहीं पर नहीं छोड़ना। माउंटेनियरिंग करते समय अपने साथ छोटा-सा बैग रखना जिसमें चॉकलेट के रैपर वगैरह डालते हैं।

**4. दीर्घ उत्तर लिखिए–**

(क) ट्रेन दुर्घटना के बाद अरुणिमा का अच्छे-बुरे दोनों तरह के लोगों से सामना हुआ। कुछ लोग उनकी आलोचना करते थे कि आत्महत्या की कोशिश की होगी, टिकट नहीं होगा तथा कुछ लोगों ने मदद की और रक्तदान तक किया।

(ख) एक दिन अरुणिमा सिन्हा अख़बार पढ़ते समय एवरेस्ट के मार्ग के बारे में पढ़ रही थीं कि उनके मन में एवरेस्ट पर चढ़ाई करने का विचार आया और उन्होंने इसे ही अपना लक्ष्य बना लिया।

(ग) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते समय सबसे ऊँचाई पर तिरंगा फहराने तथा उतरते समय पैर का ढाँचा निकलने पर घिसट-घिसटकर नीचे उतरना तथा पैर में लगे खून को साफ़ करने जैसे पलों को अरुणिमा भूल नहीं पाई हैं।

❑ **पाठ से आगे** **(पाठ से आगे के प्रश्नों को अध्यापक/अध्यापिका इच्छानुसार लिखित या मौखिक रूप में करा सकते हैं।)**

**आपकी सोच-समझ**

- बच्चों को अपनी सोच-समझ के आधार पर विषयानुसार उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**आज-कल**

- बच्चों को विषयानुसार जानकारी देकर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे– पुराने समय में पर्वतारोहियों को सुविधाओं के अभाव में निम्न परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा–

  1. चढ़ाई करते समय आधुनिक जूतों व वस्त्रों के अभाव में जल्दी थक जाना।
  2. अधिक भारी सामान पीठ पर ढोकर ले जाना।

3. चिकित्सा के उचित संसाधनों के अभाव में तबियत खराब होने पर बीच रास्ते से लौट आना आदि।

कुछ इस तरह से उत्तर देंगे।

❑ भाषा ज्ञान

1. **बहन** – बहनें, **बेटा** – बेटे, **नौकरी** – नौकरियाँ, **रेलगाड़ी** – रेलगाड़ियाँ, **किताब** – किताबें

2. (क) मैंने उनकी आलोचनाओं को हृदय से नहीं लगाया।

(ख) हमें दोनों परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

(ग) अरुणिमा अपने पैरों पर खड़ी हो गईं।

(घ) मेरा नया जन्म पहाड़ों में हुआ।

3. **बाबू** – बबुआइन, **सेवक** – सेविका, **लाला** – ललाइन, **नायक** – नायिका, **पंडित** – पंडिताइन, **शिक्षक** – शिक्षिका, **ठाकुर** – ठकुराइन, **लेखक** – लेखिका

4. (क) अरुणिमा के पिता उन्हें बहुत प्यार करते थे।

(ख) डॉक्टर साहब की मेरे ऊपर बड़ी कृपा है।

(ग) मेरी बहन ने भी मेरा साथ दिया।

(घ) हमें लड़कियों को कम नहीं समझना चाहिए।

(ङ) संसार में विदुषियों की कमी नहीं है।

## रचनात्मक अभिव्यक्ति

❑ श्रवण-वाचन

(क) अजंता की गुफाओं का फ़र्श समतल है पर चिकना नहीं है।

(ख) गुफाओं के खंभे लंबे, सुडौल और चौकोर हैं।

(ग) ये लंबे अरसे से बौद्ध भिक्षुओं के अस्थायी आवास के काम आती रही हैं।

(घ) यह ध्यान में रखा गया कि जब प्रमुख भिक्षु उपदेश दें तो उनकी आवाज़ हज़ारों की संख्या में दूर तक बैठे भिक्षुओं तक सुनाई दे सके।

(ङ) कालांतर में यह गुफा संगीत समारोह आयोजित करने के काम में भी लाई जाने लगी।

(च) गुफा में आवाज़ गूँजने का रहस्य गुफा की छत में निहित बताया जाता है। एक विचित्र प्रकार की चट्टान इस गुफा की छत का काम करती है।



o

## ❑ परियोजना-निर्माण

- बच्चों को अपनी पसंद के आधार पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- बच्चों को माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाले भारतीयों के चित्र इंटरनेट से ढूँढ़कर एक कोलॉज बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। इनमें शामिल हैं– बचेंद्री पाल, संतोष यादव, कुशांग शेरपा, सोनम आदि।

## ❑ शोध

- बच्चों को भारत में स्थित पर्वतों के नाम लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- पर्वतारोहण के समय आवश्यक वस्तुएँ– बैग, पानी की बोतल, हैलमेट, हैडलैंप, ट्रैकिंग पोल, स्लीपिंग पैड, फ़र्स्ट एड किट, पवर्तारोहण के जूते आदि की चार्ट पेपर पर सचित्र एक सूची तैयार करके कक्षा में लगाने के लिए कहें।

## ❑ खेल-खेल में

(*i*) बचेंद्री पाल (*ii*) यूरोप (*iii*) तेनजिंग नोरगे (*iv*) एशिया (*v*) सागरमाथा

Scanned by TapScanner

o